दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रदेश में अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से होगी। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय गान होगा और फिर निर्धारित कार्यक्रम शुरू होगा। कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत से किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो. सोहैल ने इस संबंध में सभी विभागीय प्रमुखों, पुलिस महानिदेशक, सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। निर्देश में सभी सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थाओं में इनके गायन के लिए क्रम के निर्धारण की भी जानकारी दी गई है।

---

प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में मौसम की अलग–अलग परिस्थितियां बनी हुई है। रोहतास, भभूआ, औरंगाबाद, बक्सर समेत दक्षिण बिहार के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई स्थानों पर अधिकतम पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। वहीं, लू के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

इधर, राज्य के उत्तरी भागों में आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि से भारी क्षति हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, पूर्णियां, अररिया समेत सीमांचाल के अधिकतर भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की घटना में भारी नुकसान हुआ है। कटिहार में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पूर्णिया के अमौर में भी एक महिला की वज्रपात से मौत की खबर है। अररिया में आंधी के दौरान पेड़ के नीचे दबकर एक दिव्यांग महिला की मौत हो गई। बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ आंधी, बारिश की आशंका

है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में भीषण गर्मी की स्थिति जारी रहेगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कटिहार में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ खड़े है। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के आश्रितों को तत्काल चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह अनुदान राशि दिये जाने के निर्देश दिए हैं।

———————————————————————————

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दुसरे चरण का मतदान उनतीस अप्रैल को होगा। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भाजपा, टीएमसी, कांग्रेस समेत सभी पार्टियों ने पूरी ताकत लगा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैरकपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। वहीं, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कोलकाता में रोड शो किया। अन्य दलों के स्टार प्रचारक भी विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो और सभाएं कर रहें हैं। चार मई को असम, तमिलनाडु, केरलम पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना होगी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है जो प्रतिवर्ष राष्ट्रपति द्वारा देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। इसके तहत पांच से अठारह वर्ष की आयु के बच्चों को वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी जैसी श्रेणियों में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने के लिए पुरस्कृत किया जाता है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई निर्धारित है।

———————————————————————————

पटना के बिहटा स्थित प्रौद्योगिकी केंद्र में कल नेशनल एससी–एसटी हब के अंतर्गत उद्यमी जागरूकता और विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस पहल में एससी–एसटी उद्यमियों की क्षमता बढ़ाना, बाजार तक उनकी पहुंच सुदृढ़ करना और सार्वजनिक खरीद प्रणाली में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर अधिक जोर रहेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत पुरन बीघा गांव में अग्नि पीड़ितों से मुलाकता की। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ितों तक हर प्रकार की सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने आज बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के तहत निर्मित जिला आपातकालीन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

———————————————————————

समाप्त